केन्द्रीय विद्यालय संगठन, रायपुर संभाग
सत्रांत परीक्षा (2024-25)
कक्षा – सातवीं विषय – हिन्दी

समय – 2.30 घंटे **पूर्णांक – 60**

सामान्य निर्देश – 1) यह प्रश्न-पत्र चार खंड में है - क,ख,ग,घ । कुल 10 प्रश्न हैं ।

खंड – क (अपठित बोध)

प्रश्न -1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

5×1=5

निराश व्यक्ति न किसी की बात समझता है और न किसी को अपनी बात समझा पाता है। तनिक–सी असफलता मिली कि मन हार कर बैठ गए। सारी दुनिया अँधेरे से घिरी दिखाई देने लगी। काम शुरू किया नहीं कि असफलता की दुर्बलता ने शक्ति छीन ली। प्रयास किया ही नहीं और हार मान बैठे। आज के युवक इसके सबसे बड़े शिकार बन रहे है। दुनिया में ऐसा कोई व्यक्ति नहीं ,जो हर कदम पर सफलता प्राप्त करता रहा हो। हर महान व्यक्ति को भी जीवन में असफलता मिलती है। सफल व्यक्ति उसे कहेंगे ,जो बार-बार असफल होने पर भी हार न माने, आगे बढ़ने के लिए कमर कसकर तैयार रहे। ऐसे कर्मठ और दृढ़ इच्छा शक्ति वाले व्यक्ति के आगे सफलताएँ स्वागत करने के लिए तैयार रहती है। इसीलिए किसी ने कहा है –"मन के हारे हार है ,मन के जीते जीत। "कुछ भी क्यों न हो जाए हमें अपने मन को नहीं हराने देना चाहिए। निराशा को मन के दरवाजे पर ठहरने नहीं देना चाहिए।

1) निराश व्यक्ति को दुनिया कैसी दिखाई देती है ?
   (क) बहुत खूबसूरत (ख) आशाओं से भरी हुई
   (ग) अँधेरे से घिरी हुई (घ) आगे बढ़ने वाली
2) असफलता की दुर्बलता _____। (वाक्य पूरा कीजिए)
   (क) शक्ति छीन लेती है (ख) ताकतवर बनती है
   (ग) शक्ति प्रदान करती है (घ) नया रास्ता दिखाती है
3) सफल व्यक्ति किसे कहेंगे ?
   (क) जो सदा सफल होता रहे| (ख) जो सफलता का स्वागत करें
   (ग) जो सफलता की बात करें| (घ) जो असफल होने पर भी हार न माने
4) "मन के हारे हार है, मन के जीते जीत" का अर्थ है ?
   (क) मन हारता रहता है (ख) मन हार गया तो हार,जीत गया तो जीत
   (ग) मन जीतता रहता है (घ) मन कभी हारता है ,कभी जीता रहता है

5) असफलता का सबसे अधिक शिकार कौन हो रहे हैं ?

(क) आलसी व्यक्ति (ख) आज का युवक

(ग) आज की महिलाएं (घ) इनमे से कोई नहीं

प्रश्न -2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

5×1=5

पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश
पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश
मेखलाकार पर्वत अपार
अपने सहस्त्र दृग-सुमन फाड़
अवलोक रहा है बार-बार
नीचे जल में निज महाकार,
जिसके चरणों में पला ताल
दर्पण सा फैला है विशाल !
गिरि का गौरव गाकर झर-झर
मद में नस-नस उत्तेजित कर
मोती की लड़ियों-से सुंदर
झरते हैं झाग भरे निर्झर !

1) काव्यांश में किस ऋतु का वर्णन है?

क.ग्रीष्म ऋतु का ख. शरद ऋतु का ग. वर्षा (पावस)ऋतु घ. वसंत ऋतु का

2) पर्वत क्या कर रहा है?

क.धरती की रक्षा कर रहा है ख. आंखें मल रहा है

ग. अपना विशाल आकार देख रहा है घ. फूलों को देख रहा है

3) विशाल तालाब कैसा दिखाई पड़ रहा है ?

क.झील के समान ख. सागर के समान

ग. हरे-भरे मैदान के समान घ. दर्पण के समान

4) पर्वत का गुणगान कौन कर रहा है ?

क.फूल ख. तालाब ग. प्रकृति घ. झरने

5) काव्यांश में झरने को किस प्रकार से दर्शाया गया है?

क. वर्षा की बूंदों के समान ख. फूलों के समान

ग. मोती की लड़ियों के समान घ. उपर्युक्त सभी

खंड – ख (पाठ पर आधारित व्याकरण)

प्रश्न 3 – **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए** - 8×1=8

1) 'बोलनेवाली गुड़िया' में रेखांकित शब्द क्या है?

क. सर्वनाम ख. संज्ञा ग. विशेषण घ. क्रिया

2) 'फेरीवाला बच्चों को खट्टी-मिट्ठी गोलियाँ देता था |' इस वाक्य में रेखांकित शब्द क्या है?

क. सर्वनाम ख. संज्ञा ग. विशेषण घ. क्रिया

3) 'सीत' का प्रचलित रूप क्या होगा |

क. शीत ख. गर्म ग. गुनगुना घ. गीला

4)'भला-बुरा' में कौन सा समास है ?

क. द्वंद्व ख. द्विगु ग. तत्पुरुष घ. अव्ययीभाव

5) 'मेंढक पानी में छप से कूद गया |' इस वाक्य में क्रिया-विशेषण है –

क. मेंढक ख. पानी ग. छप से घ. कूद गया

6) 'पुस्तकालय' का संधि विच्छेद होगा –

क.पुस्तक +लय ख. पुस्तक+आलय

ग. पुस्तका +लय घ. इनमे से कोई नहीं

7) 'गिरि को धारण करने वाला' इस वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द होगा –

क. गोपाल ख. गिरिधर ग. कृष्ण घ. मुरलीधर

8) 'दुकानदार' शब्द में प्रत्यय है –

क. दु ख. डार ग. दार घ. दुकान

खंड- ग (पठित बोध एवं पाठ आधारित प्रश्न)

प्रश्न-4 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर ध्यान पूर्वक दीजिए | 1×5=5

वीर कुँवर सिंह के बचपन के बारे में कहीं पर भी बहुत अधिक जानकारी नहीं मिलती। जितनी जानकारी मिल सकी है उसके अनुसार कहा जाता है कि कुँवर सिंह का जन्म बिहार में शाहाबाद जिले के जगदीशपुर में सन् 1782 ई॰ में हुआ था। उनके पिता का नाम साहबज़ादा सिंह बताया जाता है और माता का नाम पंचरतन कुँवर कहा जाता था। यह भी जानकारी मिलती है कि उनके पिता साहबज़ादा सिंह जगदीशपुर रियासत के ज़मींदार थे , परंतु उनको यह ज़मींदारी विरासत में नहीं मिली थी बल्कि उनको अपनी ज़मींदारी हासिल करने में बहुत संघर्ष करना पड़ा था। कुँवर सिंह कभी विद्यालय नहीं गए

बल्कि उनकी शिक्षा – दीक्षा की व्यवस्था उनके पिता ने घर पर ही की थी, घर पर ही उन्होंने हिंदी , संस्कृत और फ़ारसी सीखी थी

1) वीर कुँवर सिंह का जन्म कहाँ हुआ ?

क. जगदीशपुर ख. नारायणपुर ग.जयपुर घ. नागपूर

2) कुँवर सिंह के पिताजी का नाम क्या था?

क.जयसिंह ख. नारायण सिंह ग.रणजीत सिंह घ. साहाबजादा सिंह

3) कुँवर सिंह के माताजी का नाम क्या था?

क.रतन कुँवर ख.जतन कुँवर ग.पंचरतन कुँवर घ. श्री रतन कुँवर

4) 'बचपन' का विलोम शब्द क्या होगा?

क.बुढ़ापा ख.युवावस्था ग.लड़कपन घ.शिशु

5) वीर कुँवर सिंह ने घर पर कौन-सी भाषा नहीं सीखी ?

क.हिन्दी ख.फ़ारसी ग.संस्कृत घ. उर्दू

प्रश्न- 5 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर ध्यान पूर्वक दीजिए |

5×1=5

जागो बंसीवारे ललना!
जागो मोरे प्यारे!
रजनी बीती, भोर भयो है, घर-घर खुले किंवारे।
गोपी दही मथत, सुनियत हैं कंगना के झनकारे।।
उठो लालजी! भोर भयो है, सुर-नर ठाढ़े द्वारे।
ग्वाल-बाल सब करत कुलाहल, जय-जय सबद उचारै।।
माखन-रोटी हाथ मँह लीनी, गउवन के रखवारे।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सरण आयाँ को तारै।।

1) 'भोर और बरखा' कविता की रचयिता हैं?

(क) सुभद्रा कुमारी चौहान (ख) मीरा बाई
(ग) महादेवी वर्मा (घ) विनीता पाण्डेय।

2) इस कविता में किसको जगाने का प्रयास किया जा रहा है?

(क) ग्वाल-बाल को (ख) बालक कृष्ण को (ग) राधा को (घ) कवयित्री को।

3) दही कौन मथ रहीं हैं ?

(क) राधा (ख) यशोदा (ग) गोपियाँ (घ) ग्वाल-बाल।

4**) कृष्ण को जगाने के लिए द्वार पर कौन खड़े हैं?**

(क) सारे ग्वाल-बाल (ख) यशोदा (ग) राधा (घ) सुर और नर

5) ग्वाल-बालकों के हाथ में क्या है ?

(क) मक्खन (ख) रोटी-मक्खन (ग) रोटी (घ) मिसरी

प्रश्न 6 - निम्नलिखित में से किन्ही पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए 5×2= 10

1) खानपान की मिश्रित संस्कृति से लेखक का क्या मतलब है ? अपने घर के उदहारण देकर स्पष्ट कीजिए |
2) जाली के बड़े घर में पहुंचने पर मोर के बच्चों का किस प्रकार स्वागत हुआ.?
3) गांधीजी द्वारा आश्रम कहाँ स्थापित किया गया ?
4) वीर कुंवर सिंह के व्यक्तित्व की कौन– कौन सी विशेषताओं ने आप को प्रभावित किया.?
5) मेरी मां ने मुझे अपनी प्रसिद्धि को विनम्रता से संभालने के सीख दी है धनराज पिल्ले की इस बात का क्या अर्थ है?
6) घमंडी की आंख से तिनका निकालने के लिए उसके आस-पास के लोगों ने क्या किया ?

प्रश्न 7- निम्नलिखित में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए 4×2= 8

1) द्रौपदी स्वयंवर में कौन विजयी हुआ?
2) अर्जुन ने किन-किन महारथियों को हराया ?
3) दुर्योधन अपनी जीत के प्रति क्यों आश्वस्त था ?
4) भीष्म के बाद कौरव सेना का सेनापति कौन बना?
5) महाभारत के युद्ध में कौन-कौन से राजा तटस्थ रहे ?

खंड – घ (रचनात्मक)

प्रश्न 8 **अपने विद्यालय के प्राचार्य को स्थानान्तरण प्रमाण पत्र** (TC) **के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए** | 1×5=5

अथवा

अपने मित्र को अपने जन्मदिन पर बुलाने के लिए पत्र लिखिए |

प्रश्न 9- **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग** 80-100 **शब्दों में अनुच्छेद लिखिए**- 1×5=5

(क**)** सच्चा मित्र

(ख**)** वनों का महत्त्व

(ग**)** देशप्रेम

(घ**)** मेरी प्रिय पुस्तक

प्रश्न 10- **छात्र और शिक्षक के मध्य परीक्षा विषय पर संवाद लिखिए** | 1x4=4